आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 13.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू–शाम 6 बजे तक डाले जा सकेंगे वोट।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के रेल्वे स्टेशनों को 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों की सौगात देंगे।
- कोटा में ग्रीनफिल्ड एयरपोर्ट के लिए एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया को 440 हैक्टेयर से अधिक जमीन सुपुर्द की गई।
- प्रदेश में पंच गौरव कार्यक्रम शुरू होगा–प्रत्येक जिले में पांच तत्व होंगे चिन्हित।

.........................

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया है। सुबह 7 बजे से शुरू हुई वोटिंग शाम 6 बजे तक चलेगी। सभी निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुरक्षित और भयमुक्त मतदान के लिए सुरक्षा के कडे बंदोबस्त किये गये हैं। सीएपीएफ, आरएसी, राजस्थान पुलिस और होमगार्ड के 9 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी कानून व्यवस्था का मोर्चा संभाले हुए है। लोगों में मतदान के प्रति उत्साह देखा जा रहा है। मतदान केन्द्रों पर रौनक नजर आ रही है। प्रदेश में झुंझुनूं, रामगढ, दौसा, चौरासी, सलुंबर, खींवसर और देवली–उनियारा विधानसभा सीट के लिए वोट डाले जा रहे है। नागौर की खींवसर सीट के लिए हो रहे मतदान में भी मतदाता उत्साह के साथ भाग ले रहे है। कुछ पोलिंग बूथ पर लम्बी कतारे भी नजर आ रही है।

.........................

डूंगरपुर में चौरासी विधानसभा सीट के लिये 251 मतदान केन्द्र बनाये गये है। वहां करीब ढ़ाई लाख से ज्यादा वोटर है। झुंझुनूं में भी सुबह से ही चुनावी रौनक है। हमारे झुंझुनूं संवाददाता ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी ने बगड रोड स्थित मतदान केन्द्र पर सबसे पहले वोट डाला।

.........................

सलुम्बर में उपचुनाव के लिए 302 बूथ बनाये गये है। इन पर मतदान की प्रकिया शांतिपूर्ण तरीके से जारी है। यहां 2 लाख 97 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसी तरह दौसा उपचुनाव के लिए 240 पोलिंग बूथ बनाये गये है। इनमें से 161 मतदान केन्द्रों पर लाईव वेबकास्टिंग की जा रही है।

.........................

उपचुनाव में 69 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें 59 पुरूष और 10 महिला उम्मीदवार है। सबसे अधिक 12–12 उम्मीदवार दौसा और खींवसर के चुनावी रण में है। उपचुनाव के लिए करीब 19 लाख 37 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 1 हजार 915 मतदान केन्द्र बनाये गये है। इनमें से 1 हजार 170 केन्द्रों पर लाईव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कल शाम वीडियो कान्फ्रेंन्सिंग कर सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निष्पक्ष और सुचारू मतदान प्रकिया सम्पन्न करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि पूरी मतदान प्रकिया को इको फ्रेन्डली रखने के भी निर्देश दिए गए है।

.........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के रेल्वे स्टेशनों को 18 प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की सौगात देंगे। प्रदेश में ये औषधि केन्द्र जयपुर के दुर्गापुरा और फालना तथा बाडमेर स्टेशनों पर शुरू हो रहे है। हमारे बाडमेर संवाददाता ने बताया कि इन केन्द्रों पर लोगों को किफायती दरों पर दवाईयां मिल सकेंगी।

.........................

कोटा में ग्रीनफिल्ड एयरपोर्ट के लिए एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया को 440 हैक्टेयर से अधिक जमीन सौप दी गई हैं। कल राज्य सरकार के अधिकारियों ने कोटा में एएआई के अधिकारियों को जमीन की सुपुर्दगी दी। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की मौजूदगी में एयरपोर्ट डायरेक्टर तुलसीराम मीणा को भूमि हस्तान्तरण के दस्तावेज सौंपे गये। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हाल ही में हुई बैठक में संबंधित विभागों को भूमि की सुपुर्दगी जल्द ही एयरपोर्ट अथोरिटी को करने के निर्देश दिए थे।

........................

राज्य सरकार प्रत्येक जिले में एक उपज, एक वानस्पतिक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल और एक खेल पर विशेष ध्यान देते हुए पंच–गौरव कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। ये कार्यक्रम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई वाली सरकार के कार्यकाल की पहली वर्षगांठ पर शुरू किया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में इन श्रेणियों में चिन्हित पांच तत्वों को जिले के पंच–गौरव के रूप में जाना जाएगा। राज्य स्तर पर एक जिला–एक उपज के लिए कृषि विभाग, एक जिला–एक प्रजाति के लिए वन विभाग, एक जिला–एक उत्पाद के लिए उद्योग विभाग, एक जिला–एक पर्यटन स्थल के लिए पर्यटन विभाग तथा एक जिला–एक खेल के लिए खेल विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य करेंगे। वहीं युवाओं को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराने की कड़ी में तीसरे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के आयोजन की तैयारी की जा रही है।

........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि 9 से 11 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित होने वाला 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' भविष्य के विकसित राजस्थान की नींव रखेगा। इसमें होने वाले निवेश से राजस्थान अक्षय ऊर्जा, खनन, पर्यटन, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और दुनियाभर में निवेश का प्रमुख केन्द्र बनेगा। श्री शर्मा ने कल मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान समिट के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को समिट को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिट के आयोजन के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के साथ ही विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।

........................

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के परकोटा बाजार में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने की बात कही है। उपमुख्यमंत्री कल जयपुर में आयोजित एक बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने पार्किंग की समस्या दूर करने के लिए रामनिवास बाग में बनी पार्किंग में वाहन पार्क करवाने के लिए व्यापार मण्डलों से चर्चा करने के निर्देश दिए। बैठक में जयपुर हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव, पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन और यातायात पुलिस उपायुक्त पूनम सागर भी मौजूद थे।

........................